प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 12.09.23

ग्रामीण जोन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा अगस्त माह से देहात क्षेत्र के प्रमुख स्थानों पर विशेष चैकिंग अभियान चलाकर निम्न प्रवर्तन की कार्यवाही की गयी-

ग्रामीण जोन पुलिस द्वारा देहात क्षेत्र में अवैध रुप से संचालित बसों के विरूद्ध प्रभावी एवं व्यापक अभियान चलाकर 09 अवैध बसों को मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत सीज किया गया।

ग्रामीण क्षेत्रांतर्गत लाल कुँआ, मोदीनगर, मुरादनगर आदि थानाक्षेत्रों में 08 अगस्त से 11 सितम्बर तक विशेष चैकिंग अभियान चलाकर अवैध रुप से संचालित बस, इको कार, ऑटो, ई-रिक्शा तथा जुगाड वाहन आदि (कुल-65) वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत सीज किया जा चुका है।

थाना भोजपुर पुलिस द्वारा 01 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार कब्जे से चोरी की 01 मोटर साइकिल बरामद

आज दिनाकं 12.09.2023 को थाना भोजपुर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर 01 शातिर वाहन चोर राहुल पुत्र स्व0 बिनेश कुमार नि0- ग्राम बढायला थाना मसूरी गाजियाबाद को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से चोरी की एक अपाचे मोटर साइकिल बरामद हुई है। अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि उसने यह मोटर साइकिल थाना इन्दिरापुरम क्षेत्र से चोरी की थी जिसकी नम्बर प्लेट हटाकर मैं कभी कभी ही चलाता हूँ ।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता

राहुल पुत्र स्व0 बिनेश कुमार नि0- ग्राम बढायला थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद उम्र-34 वर्ष,

बरामदगी का विवरण

चोरी की अपाचे मोटर साइकिल

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

थाना भोजपुर पुलिस टीम।

पुलिस कमिश्नरेट गाज़ियाबाद पुलिस टीम द्वारा धोखाधड़ी व जालसाज़ी कर रिक्त पड़ी सेना की भूमि को बेचने वाली एक अभियुक्ता गिरफ्तार

दिनांक 28.06.2023 को वादी उप निबन्धक पंचम तहसील सदर गाज़ियाबाद श्री नवीन राय ने थाना सिहानीगेट पर प्रार्थना पत्र दिया कि अभियुक्तगण 1.समीर मलिक पुत्र सलीम मलिक नि० मकान नं0-42, गली नं0-1 हबीब कालोनी जस्सीपुरा गाज़ियाबाद डायरेक्टर मैसर्स सैमटेक एसोसिएटस प्रा०लि० प्लाट नं0-08, गली नं0-1 ब्रज नगरी नन्दग्राम गाज़ियाबाद, 2. मजीद पुत्र अब्दुल अजीज़ नि० ग्राम अर्थला मोहन नगर तहसील व ज़िला गाज़ियाबाद, 3. ओमपाल पुत्र प्रेम चन्द्र नि0 47 प्रताप बिहार विजय नगर गाज़ियाबाद 4. नीरज गर्ग पुत्र अरविन्द गर्ग नि० चैम्बर नं0 134 सिविल कोर्ट गाज़ियाबाद द्वारा धोखाधड़ी करके फर्जी व कूटरचित जालसाज़ी तरीके से ग्राम मिर्जापुर खसरा नं0 529 की भूमि जिस पर सघन आबादी बसी हुई है, को रिक्त पड़ी सेना की भूमि का नक्शा दर्शाकर साढे दस करोड रूपये मे फर्जी रूप से बैनामा दिया गया है। इस सम्बन्ध मे थाना सिहानीगेट पर तत्काल अभियोग पंजिकृत किया गया था।

कार्यवाही का विवरण- दिनांक 12.7.2023 को विवेचना के दौरान मुख्य अभियुक्त मजीद पुत्र अब्दुल अजीज नि० ग्राम अर्थला मोहन नगर तहसील व ज़िला गाज़ियाबाद को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया था।

आज दिनांक 12.9.2023 को उक्त भूमि को धोखाधड़ी से अपने नाम कराने के लिये श्रीमती प्रवीन बेगम द्वारा वर्ष 2016 व 2019 मे श्रीमान एस0डी0एम0 महोदय को संबोधित करते हुये दो प्रार्थना पत्र दिये गये थे तथा ज़मीन अपने नाम न होने पर अजयवीर सिंह के साथ मिलकर ज़मीन को विक्रय करने की योजना बनायी चूंकि खसरा न0- 529 के जो अभिलेख अभियुक्ता के पास थे उसमे भूमि वर्ष 1931 मे इस्लामिया वक्फ की दर्शायी गयी थी। जिसके आधार पर बिक्री नही हो सकती थी इसलिये योजना के तहत मजीद नाम के व्यक्ति को अपने साथ मिलाकर उसके नाम फर्जी रूप से पट्टा दर्शाया गया और उसी पट्टे के आधार पर और एस0डी0एम0 महोदय को दिये गये प्रार्थना पत्रों को आधार बनाकर अजयवीर सिंह के साथ मिलकर खसरा न0- 529 को विक्रय कर दिया गया तथा विक्रय पत्र के साथ नक्शा सेना की भूमि का लगाया गया था और 529 के स्थान पर सेना की भूमि को अवैध रूप से कब्जा कर उसको बिल्डरो को ऊँचे दाम पर बेचकर सभी ने आर्थिक लाभ कमाने की योजना बनायी। भूमि विक्रय की जो धनराशि के लिये जो संयुक्त खाता अजयवीर व माजिद का खोला गया था उससे 47 लाख रूपये श्रीमती प्रवीन बेगंम ने लाभ के रूप मे प्राप्त किया। अभियुक्ता श्रीमती प्रवीन खांन पत्नी स्व0 सादव खांन निवासी फिरदौस बिल्डिंग रमते राम रोड थाना कोतवाली नगर जनपद गाज़ियाबाद को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्ता के मसकन गाज़ियाबाद से गिरफ्तार किया गया है।

नाम पता अभियुक्ता –

श्रीमती प्रवीन खांन पत्नी स्व0 सादव खांन निवासी फिरदौस बिल्डिंग रमते राम रोड थाना कोतवाली नगर जनपद गाज़ियाबाद

गिरफ्तार करने वाली टीम

थाना सिहानीगेट टीम